Jagran

541 Primary teacher posts are pending for several years as the backlog

हल्द्वानी : अनुसूचित जाति के बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती के जरिये भरने की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों ने धरना-प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द भर्ती नहीं करती है तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

अनुसूचित जाति बीएड प्रशिक्षित बैकलॉग संघर्षशील बेरोजगार महासंघ के बैनर तले दर्जनों बेरोजगार गौतम बुद्ध पार्क में एकत्र हुए। प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि राज्य गठन के समय वर्ष 2000 से प्राथमिक शिक्षकों के 541 पद बैकलॉग के रूप में पिछले कई सालों से लंबित हैं। प्रदेश सरकार पर युवाओं की भावना के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ने एनसीटीई को इन पदों पर जल्द भर्ती का आश्वासन दिया है यदि जल्द इन पदों पर भर्ती नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सत्येंद्र कुमार, तरुण प्रसाद, पंकज कुमार, गणेश आर्य, दिनेश चंद्र आर्य, पूजा आर्य, दीक्षा मोहन, राजदीप, कविता, मनदीप टम्टा, दीप प्रकाश टम्टा, त्रिलोक राम, नवीन सागर आदि मौजूद थे।